हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

08 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवाओं को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का पूरा उपयोग करने का अवसर प्रदान करती है।

- हरियाणा में चुनाव प्रचार तेज़ हुआ। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने पंचकुला और कालका में बी.जे.पी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सूरजेवाला ने कैथल में जनसंपर्क किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार पूरी तत्परता से भाग लेने का आह्वान किया।

- केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा है कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेगा।

*****************************************************

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक ऐसा परिवर्तनकारी कदम है जो युवाओं को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का पूरा उपयोग करने का अवसर प्रदान करता है। आज नई दिल्ली में

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि भाषाओं की समृद्धि के मामले में भारत एक अनूठा देश है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा के महत्व पर बल दिया गया है। श्री धनखड़ ने सभी से, कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसी को साक्षर बनाना मानवता की सेवा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश को अब आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। श्री धनखड़ ने कहा कि स्कूल, सड़क संपर्क, बिजली, शौचालय और इंटरनेट सेवा के गांवों तक पहुंचने से देश, सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है।

*******************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार जोरों पर है। आज विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने मतदाताओं से संपर्क स्थापित किया। कालका हलके के पिंजौर में बी.जे.पी ने बूथ त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में कालका से प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। श्री प्रसाद ने कहा कि बी.जे.पी, कार्यकर्ता के दम पर चुनाव लड़ती है और बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही जीत सुनिश्चित करेगा। श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने भी कालका विधानसभा के लिए अपना विजन कार्यकर्ताओं के सामने रखा। उधर लोहारू से बीजेपी प्रत्याशी जे.पी. दलाल ने गांव ओबरा व सिरसी सहित कई गांवों का दौरा किया और बीजेपी के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने एक सभा को भी संबोधित किया। लोगों द्वारा ट्रैक्टरों के काफ़िले के साथ उन्हें सभा स्थल तक लाया गया। वहीं

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कैथल में "युवा है बदलाव" सम्मेलन को संबोधित किया और रोजगार को मुद्दा बना कर सरकार पर हमले किए। इस अवसर पर बीजेपी नेता पालाराम सैनी अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए।

*****************************************************

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने हरियाणा में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने का दावा किया है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने आज पंचुकला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा में अब तक डबल इंजन की सरकार रही है जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में विकास की ऊंचाइयां छुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक बार फिर रिकार्ड मतों से बी.जे.पी को तीसरी बार जनमत हासिल होगा और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तथा बाकी उम्मीदवारों की जमानत जब्त होगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में जो विकास कार्य हुए हैं जनता उन पर मोहर लगाएगी। इस से पहले उन्होंने आज पंचकूला विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता के साथ चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।

*****************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव अभियान में तत्परता से जुटने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने आज विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कुरुक्षेत्र में थानेसर विधानसभा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करते हुए यह बात

कही। इस अवसर पर उनके साथ राज्यमंत्री एवं थानेसर विधानसभा हलके से बी.जे.पी प्रत्याशी सुभाष सुधा भी उपस्थित रहे। इस दौरान थानेसर से बी.जे.पी प्रत्याशी सुभाष सुधा ने कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो घर आए हुए लोगों को जबरदस्ती कांग्रेस में शामिल करके जनसमर्थन हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

*******************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने दिव्यांग व 85 वर्ष की आयु के मतदाताओं को भी आम मतदाताओं की तरह अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र में दिव्यांग व 85 वर्ष की आयु वर्ग से अधिक के मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा वैकल्पिक है। ऐसे मतदाता मतदान केंद्र पर जाकर भी मतदान कर सकते है।उन्होंने कहा कि दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, चुनाव अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर फार्म 12डी भरकर रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। इसके अतिरिक्त, दिव्यांग मतदाताओं को 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांगता प्रमाणपत्र की एक प्रति जमा करवानी होगी तथा मतदान सूची में उनकाचिन्हित होना अनिवार्य है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान अधिकारियों की टीम मतदाता का वोट लेने के लिए उसके घरपर जाएगी। इसके लिए मतदाताओं को मतदान अधिकारियों के दौरे के बारे पहले से ही सूचित किया जाएगा। इस प्रक्रिया में एक वीडियोग्राफर तथा पुलिस सुर

क्षाकर्मी मतदान अधिकारियों के साथ भी रहेगा। मतदान की यह प्रक्रिया निर्वाच
न आयोग की हिदायतों अनुसार होगी व मतदान की गोपनीयता बनाए रखी जाए
गी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 5 वर्ष में एक बार आने वाले आम चुना
व को हर किसी नागरिक को पर्व के रूप में मनाना चाहिए। हरियाणा में 5 अक्तूब
र को विधानसभा के आम चुनाव के लिए मतदान होना है और इस पर्व में हर मत
दाता को अपने वोट की आहुति डालनी चाहिए।

*******************************************************

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत, 2030 के यूथ ओलंपिक और 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेगा। डॉ० मांडविया आज नई दिल्ली में एशिया ओलिंपिक परिषद की 44वीं महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने खेल बजट को 2014-15 के लगभग 14 करोड़, 30 लाख डॉलर से बढ़ाकर वर्तमान में लगभग 47 करोड़ डॉलर कर दिया है। खेल मंत्री ने कहा कि इस सहायता ने एशियाई खेलों में 107 पदक और एशियाई पैरा खेलों में 111 पदक के साथ देश के असाधारण खेल प्रदर्शन में काफी योगदान दिया है। उन्होंने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कोई भी एथलीट हारने वाला नहीं होता, वो केवल एक विजेता और सीखने वाला होता है। डॉ० मांडविया ने कहा कि खेल, प्रतिस्पर्धा से परे हैं और ये देशों को एकजुट करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि एशियाई ओलिंपिक परिषद अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि खेल किस तरह से लोगों को एक साथ ला सकते हैं और भाईचारे की भावना ब□ा सकते हैं। उन्होंने कहा

कि यहां पर लिए गए निर्णय एशियाई एथलीटों के भविष्य और पूरे महाद्वीप में व्यापक खेल परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी उषा ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है, जब विश्व लगातार विकसित हो रहे वैश्विक खेल परिदृश्य में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक खेल विभिन्न देशों के बीच आशा, एकता और शांति की भावना को बढ़ाते हैं।

*******************************************************

पेरिस पैरालिंपिक खेल आज देर रात संपन्न होंगे। समापन समारोह फ्रांस के नेशनल स्टेडियम स्टेड डी फ्रांस में होगा। तीरंदाज हरविंदर सिंह और स्प्रिंटर प्रीति पाल पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे।

*******************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कल तक 51 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। आज रविवार की छुट्टी होने के कारण कोई नामांकन पत्र नहीं भरा गया। हमारे संवाददाता ने बताया है की अब तक जगाधरी हलके में दो, रादौर और लाडवा में एक-एक, पंचकूला,पिहोवा, कलायत, पुंडरी, करनाल, पानीपत ग्रामीण से भी एक-एक उम्मीदवार ने नामांकन भरा है। पानीपत शहरी हलके से दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। वहीं सोनीपत से अब तक तीन उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है।

*******************************************************

मनीमाजरा के मौली जागरां स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 236 लोगो ने रक्तदान किया जिसमें काफ़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही। इस अवसर पर मंडल उप मुख्य संचालक जे पी चड्डा ने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया।

*******************************************************

पत्र सूचना कार्यालय-पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने एक ऐसे धोखाधडी के प्रति लोगों को आगाह किया है जिसमें जालसाज प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत पंजीकरण फीस के रूप में आठ हजार रूपये की मांग कर रहे हैं। तथ्य जांच इकाई ने कहा कि लोगों को जाली पत्र भेजे जा रहे हैं जिसमें  कहा गया है कि इस योजना के अंतर्गत उनका आवेदन पंजीकरण फीस देने के बाद स्वीकृत किया जाएगा। सरकार ने इस तरह के किसी भी दावे को खारिज किया है और कहा है कि यह पत्र फर्जी है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सलाह दी है कि पीएम-कुसुम योजना में रूचि रखने वाले लोगों को पैसे जमा करने या व्यक्तिगत सूचना साझा करने से पहले वेबसाइट की प्रामाणिकता की जांच करनी चाहिए।